नवोदय टाइम्स
TUE,18 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 4

# केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण

गुड़गांव, 17 मार्च (ब्यूरो): केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ईएसआईसी कार्यालय गुरुग्राम में पांच-दिवसीय हिंदी कार्यशाला सह संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता द्वारा की गई।

नरेश कुमार-संयुक्त निदेशक व लेखा सरीन-सहायक निदेशक केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो नई दिल्ली से इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रही। प्रशिक्षण के शुभारंभ में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। डॉ. स्वीटी यादव-सहायक निदेशक ने लेखा सरीन को शॉल, श्रीफल व पौधे देकर गमला भेंट कर उनका स्वागत एवं आदर-सत्कार किया। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।



कार्यशाला में हिस्सा लेते अधिकारी।

नरेश कुमार ने बताया कि केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो वर्ष-1971 से केंद्रीय सरकार के कार्मिकों को अनुवाद कार्य में प्रशिक्षित कर रहा है। अनुवाद भाषाओँ के मध्य एक सेतु का कार्य करता है। क्षेत्र चाहे कोई भी हो अनुवाद की आवश्यकता बहुत ही परम महत्वपूर्ण है। लेखा सरीन ने कहा कि अनुवाद ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम किसी अन्य भाषा में लिखी गई बातों को अपनी भाषा में समझ सकते हैं। कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने अपने संबोधन में कहा कार्यालय द्वारा यह एक नया प्रयोग है।

जिसमें केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में हमेशा कुछ न कुछ नया सीखते रहना चाहिए। शुभारंभ कार्यक्रम के समापन में डॉ. स्वीटी यादव-सहायक निदेशक ने केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अधिकारियों, कार्यालय प्रमुख एवं प्रतिभागियों का साधुवाद करते हुए कहा कि हमें सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए तथा प्रशिक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है जीवन की प्रत्येक कार्य में और क्षेत्र में हमेशा कुछ न कुछ सीखते है।